आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :410 पृष्ठ -4 दिनांक 23 फरवरी 2025 दिन रविवार

## कानुपर IIT में केजरीवाल और पीएम मोदी पर परीक्षा में पूछा गया सवाल

### कानपुर आईआईटी का एक प्रश्न प्रत्र इन दिनों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल

**कानुपरः** परीक्षाएं चाहे जिंदगी में देनी हों या फिर शिक्षा के क्षेत्र में सवाल बहुत मायने रखते हैं. सालों पढ़ाई करने के बाद भी छात्र बहुत से सवालों के जवाब नहीं दे पाते या ये कहें कि उन्हें उस सवाल का जवाब नहीं पता होता क्योंकि उस सवाल को तैयार करने वाले शिक्षक बड़े ही काबिल होते हैं. पीएम मोदी और केजरीवाल को लेकर पूछा सवाल उनका अनुभव छात्रों की असल परीक्षा लेता है, इसलिए परीक्षा देने वाले छात्र अपने भविष्य में कुछ बनने के बाद अपने गुरुओं को नहीं भूल पाते हैं. इसी बात के मद्देनजर कानपुर आईआईटी में एक परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र में ऐसा प्रश्न आया, जिसने परीक्षा देने वाले इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों उलझन में डाल दिया. कानपुर आ. ईआईटी के कुछ कुशल शिक्षकों ने ऐसा सवाल तैयार किया जिसने सबको हैरान भी कर दिया.इसके साथ ही अब ये प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. 30 मिनट के इस परीक्षा में छात्रों ने 11 फरवरी 2025 तारीख को परीक्षा दी. ये परीक्षा ऑब्जेक्टिव फॉर्मेट पर आयोजित की गई थी. प्रश्न पत्र में सवाल आया कि, दिल्ली चुनाव में करारी हार के बाद दिल्ली आईआईटी के पूर्व छात्र अरविंद केजरीवाल 105.4 मेगाहर्ट्ज आवृत्ति पर विविध भारती एफएम पर हमारे प्रधान मंत्री द्वारा मन की बात सुनना चाहते हैं.श्री अरविंद केजरीवाल एक ऐसा फिल्टर डिजाइन करना चाहते हैं जो विविध भारती चौनल की सामग्री को पास कर सके. साथ ही आस पास के एफ एम रेडियो चौनल, रेडियो नशा (107.2) मे.




गाहर्ट्ज और एफएम रेनबो लखनऊ (100. 7) मेगाहर्ट्ज कम से कम 60 डीबी तक कम कर सके क्योंकि उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान बहुत पैसा खर्च किया है. इसलिए वो इस फिल्टर को डिजाइन करने के लिए केवल 50.2 का प्रतिरोध, एक परिवर्तनीय प्रारंभ करने वाला और एक परिवर्तनीय संधारित्र खरीद सके क्या आप कृपया केजरीवाल को त स और ब घटक का प्रयोग करके इस फिल्टर को तैयार करने में मदद कर सकते हैं और पता लगा सकते हैं. इसके लिए परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र में चार ऑप्शन भी दिए गए थे जोकि इस प्रश्न का उत्तर भी था.हालांकि इस प्रश्न पत्र पर छात्रों ने क्या उत्तर दिया उसे तो पता नहीं किया जा सका, लेकिन आईआईटी कानपुर में आयोजित हुई इस परीक्षा के दौरान ये अनोखा सवाल वाला प्रश्नपत्र वायरल हो गया. अब लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस क्वेश्चन पेपर को ट्रोल कर रहे हैं और इस प्रश्न और इस प्रश्न पत्र को बनाने वाले शिक्षक का मजाक भी उड़ाया जा रहा है. हालांकि सियासी समीकरण के साथ जीत हार को लेकर देश के बड़े लीडरों का जिक्र पेपर में करना कितना वाजिब है? लेकिन वायरल और ट्रोल होने के बाद आईआईटी कानपुर प्रबंधन का ऑफिशियल वर्जन भी आ गया है. अब ये भी पढ़ लीजिए कि प्रबंधन ने इस अनोखे प्रश्न उत्तर और सवाल पर क्या प्रतिक्रिया दी है.आईआईटी कानपुर की ओर से जवाब देते हुए कहा गया कि, प्रबंधन ने कहा है कि हमारे संज्ञान में आया है कि इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की एक परीक्षा का एक प्रश्न सोशल मीडिया पर घूम रहा है. हम ये स्पष्ट करना चाहते हैं कि संबंधित संकाय सदस्य अक्सर छात्रों के लिए परीक्षा के प्रश्न पत्रों को अधिक आकर्षक बनाने के लिए प्रसिद्ध व्यवक्तित्वों, वास्तविक और काल्पनिक दोनों के संदर्भों को शामिल करता है. अतीत में इसी तरह के संदर्भों में टोनी स्टार्क जैसे चरित्र शामिल किए गए थे. इस दृष्टिकोण के पीछे का उद्देश्य पूरी तरह से अकादमिक है. इसका कोई अन्य निहितार्थ नहीं है.फिलहाल अपनी कुशल शिक्षण के लिए जाना जाने वाला कानपुर आईआईटी अब अपने शिक्षक के द्वारा बनाए गए प्रश्न पत्र और उसमें शामिल किए गए प्रश्न से खूब चर्चा बटोर रहा है. ये सवाल शिक्षक की राजनीतिक पार्टी वाली मानसिकता पर भी कई सवाल खड़े कर रहा है.

### लखीमपुर खीरी में देश के पहले बायो पॉलिमर संयंत्र का शिलान्यास, सीएम योगी बोले– कुंभी में निवेश का महाकुंभ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बना है। इस अनुकूल वातावरण का ही परिणाम है कि महाकुंभ में देश की आधी आबादी आस्था की डुबकी लगा चुकी है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखीमपुर खीरी के कुंभी में देश के पहले बायो पॉलिमर संयंत्र का शिलान्यास किया। सीएम योगी ने कहा कि एक ओर पूरी दुनिया प्रयागराज महाकुंभ में भागीदार बन रही है, वहीं आज कुंभी में ही आपने महाकुंभ रच दिया है। उन्होंने कहा कि मुझे यहां आना 11 बजे था, लेकिन दो घंटे पहले नौ बजे ही आ गया। गोला के बाद प्रयागराज जाना है। लोगों की भीड़ देखकर सीएम योगी ने कहा कि यह दृश्य अपने आप में अद्भुत है। कुंभी में निवेश का महाकुंभ नजर आ रहा है। 2850 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला प्लांट अपनी तरह का यह पहला निवेश है। इसके लिए बलरामपुर चीनी मिल लिमिडेट और लखीमपुर खीरी के लोगों को बधाई। बता दें कि बलरामपुर चीनी मिल लिमिटेड द्वारा यह संयंत्र 2850 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। यह जैविक तरीके से पॉलिमर उत्पादन का कार्य करेगा। इससे पर्यावरण के अनुकूल औद्योगिक क्रांति को बढ़ावा मिलेगा। कुंभी के बाद सीएम योगी ने गोला गोकर्णनाथ पहुंचकर शिव मंदिर कॉरिडोर का शिलान्यास किया। इसके अलावा, 1620 करोड़ रुपये की 373 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में सड़क, बिजली, जल आप. ूर्ति, स्वास्थ्य और शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं।सीएम योगी ने कहा कि पर्यावरण और प्रदूषण से पूरी दुनिया चिंतित है। ग्लोबल वार्मिंग एक चेतावनी है। असमय बारिश, सूखा ये सभी दुष्परिणाम ग्लोबल वार्मिंग के हैं। पर्यावण के प्रति हम लोग जितने जागरूक होंगे। पर्यावरण हमें जीने के लिए उतना ही अनुकूल वातारण उपलब्ध कराएगा। कहा कि प्रदेश ने अपनी पॉलिसी के तहत इस तरह के निवेश को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया है। बलरामपुर चीनी मिल पहला ऐसा ग्रुप है, यह प्लांट बायो प्ला. स्टिक से बोतल, कप, डिब्बे का निर्माण करेगा। यहां पर जो बोतल, प्लेट व अन्य उत्पाद बनेंगे, वो डिस्पोजल होंगे। ये हर प्रकार से उपयोगी होंगे। पर्यावरण को बचाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का जो अभियान है। पूरी दुनिया जिसके लिए चिंतित है, इस चिंता को दूर करने के लिए बलराम चीनी मिल ने बड़ी पहल को आगे बढ़ाया है।कहा कि यह प्लांट बहुत ही शीघ्र अपना उत्पादन शुरू करके प्लास्टिक का सब्सिट्यूट उपलब्ध कराएगा। मेक इन इंडिया का विजन आगे बढ़ाएगा। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में 120 चीनी मिल हैं। इनमें से 10 चीनी मिल बलरामपुर चीनी मिल ग्रुप की हैं। इस प्लांट की वार्षिक क्षमता 80 हजार टन होगी। यह जीरो लिक्विड डिस्चार्ज के अंतर्गत संचालित होगा। इस तरह के प्लांट से किसानों की आमदनी बढ़ाने और नौजवानों को रोजगार दिलाने में मदद मिलेगी। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बेहतरीन कानून व्यवस्था की स्थिति है। भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों पर जीरों टॉरेंस की नीति का परिणाम है कि प्रदेश में 45 लाख करोड़ से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें 15 लाख करोड़ निवेश करा चुके हैं। 60 लाख नौजवानों को नौकरी उपलब्ध कराई है। लगातार प्रस्ताव आ रहे हैं।

### झांसी में दुल्हन की अनोखी विदाई, घर के आगे लगी दर्जनभर बुलडोजर की लाइन, हर कोई हैरान

उत्तर प्रदेश के झांसी में दुल्हन की विदाई के वक्त ऐसा नजारा देखने को मिला जिसे देखकर हर कोई हैरान रह गया. दुल्हन के घर के सामने एक के बाद एक बुलडा. जरों की लाइन लग गई. जिसके बाद दूल्हा अपने दुल्हन को विदा करवाने के बाद आगे–आगे कार में बैठकर निकला तो उनके पीछे कई बुलडोजरों के साथ बाराती नाचते–गाते हुए आगे बढ़ रहे थे. ये वीडियो अब सोशल मीजिया पर जमकर वायरल हो रहा है. जिसे लेकर लोग कई तरह की चर्चाएं कर रहे हैं. अक्सर लोग अपनी शादी को यादगार बनाने के लिए कई तरह की कोशिशें करते हैं कोई हेलीकॉप्टर से बारात लाता है तो कोई कहीं दूर जाकर डेस्टिनेशन वेडिंग करता है लेकिन झांसी के रक्सा थाना क्षेत्र के आजाद नगर में रहने वाले एक शख्स राहुल यादव ने अपनी शादी में कुछ ऐसा किया जिसकी शायद किसी को उम्मीद नहीं थी. राहुल यादव की 20 फरवरी को शादी हुई थी, जिसके बाद 21 की सुबह शुक्रवार को दुल्हन की विदाई थी. इस विदाई को खास बनाने के लिए उसने दिलचस्प कदम उठाया. जब दुल्हन की विदाई हो रही थी तभी घर के आगे एक के बाद एक 12 बुलडोजर आकर खड़े हो गए. ये देखकर हर कोई हैरान हो गया, कि शादी वाले घर के आगे इतने सारे बुलडोजर क्या कर रहे हैं. जिसके बाद पता चला कि ये बुलडोजर तो दुल्हन की विदाई के लिए मँगाए गए हैं, जिन पर दूल्हे के रिश्तेदार और साथी ढोल बाजे के साथ नाच रहे थे. आगे–आगे कार में दूल्हा और दुल्हन और पीछे–पीछे लाइन से 12 बुलडोजरों के साथ दुल्हन की विदाई हुई. सड़क पर भी ये नजारा चर्चा का विषय बन गया, हर कोई इस अनोखी विदाई को देखकर चौंक गया. वहीं इस मामले पर राहुल के चाचा राजकुमार ने बताया कि इस समय यूपी में सबसे ज्यादा बुलडोजर की ही चर्चा होती है. हम भी इस शादी को कुछ अलग बनाना चाहते थे. इसलिए उन्होंने बुलडोजर के काफिले में दुल्हन की विदाई का मन बनाया. इस शादी का वीडियो अब सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है.

### आगरा में कितनी सुरक्षित हैं बेटियां... कॉलेज तो छोड़िए, घर में भी दहशत

शहर से लेकर देहात तक युवतियों पर हमले और धमकाने की घटनाएं सामने आईं। ट्रांसयमुना में प्रॉपर्टी डीलर की बेटी और भतीजी को घर की छत पर चढ़कर नकाबपोश युवकों ने तमंचे दिखाकर डराया। पुलिस ने जांच की। मगर, आरोपी नहीं पकड़े गए। वहीं बीडी जैन में दो छात्राओं से मारपीट की गई। मामले में पुलिस ने अपनी ओर से केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।आगरा के एत्मादपुर क्षेत्र के गांव भीकनपुर के रास्ते पर शुक्रवार दोपहर कॉलेज से घर लौट रही बीए की छात्रा पर एक युवक ने जानलेवा हमला किया। गर्दन पर धारदार हथियार से प्रहार किया। वह लहूलुहान हो गई। ढाई घंटे बाद पुलिस को सूचना दी। आरोपी युवक घर से फरार हो गया है। पुलिस टीम उसकी तलाश में लगी है।एत्मादपुर क्षेत्र की 21 वर्षीय छात्रा बीए तृतीय वर्ष में पढ़ती है। दोपहर में ढाई बजे वह कॉलेज से घर आ रही थी। उसने छात्रा का रास्ता रोक लिया। छात्रा ने विरोध किया। इस पर जेब से धारदार हथियार निकालकर छात्रा की गर्दन पर वार करने लगा। छात्रा के शोर मचाने पर लोगों को आता देखकर आरोपी भाग गया। छात्रा किसी तरह घर पहुंची।परिजन उसे अस्पताल ले गए। मगर, उसे निजी अस्पताल में भर्ती नहीं किया गया। इस पर एसएन मेडिकल कॉलेज ले आए। तब तक परिजन ने पुलिस को सूचना नहीं दी थी। शाम तकरीबन पांच बजे पुलिस को जानकारी दी। इस पर एसीपी एत्मादपुर पियूष कांत राय फोर्स के साथ पहुंच गए। पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### महाकुंभः अफवाह फैलाने वाले 137 सोशल मीडिया अकाउंट पर यूपी पुलिस की कार्रवाई

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित भव्य महाकुंभ में देश–विदेश से श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं. यहां राज्य सरकार और मेला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए उचित व्यवस्था की गई है. लेकिन, कुछ लोग सोशल मीडिया पर चंद व्यूज पाने के लिए अफवाह फैला रहे हैं. ऐसे लोगों के खिलाफ यूपी पुलिस ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है.यूपी पुलिस के अनुसार, प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ से संबंधित भ्रामक पोस्ट करने वाले 11 मामलों में कुल 137 विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट के विरुद्ध कार्रवाई की गई है. उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा निरंतर सोशल मीडिया की सघन मॉनिटरिंग की जा रही है. सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान यह प्रकाश में आया है कि बीते एक माह के भीतर कुछ तत्वों द्वारा महाकुंभ के खिलाफ भ्रामक नैरेटिव तैयार करने की साजिश की जा रही है और प्रयास किया जा रहा है कि कैसे उत्तर प्रदेश सरकार की छवि को धूमिल किया जाए.ऐसे सोशल मीडिया अकाउंट को चिह्नित करके उनके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करने की कार्रवाई निरंतर की जा रही है. इसी कड़ी में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान 21 फरवरी को यह संज्ञान में आया कि कुछ सोशल मीडिया अकाउंट से पाकिस्तान के वीडियो को भ्रामक रूप से महाकुंभ का बताकर यह अफवाह फैलाई जा रही है कि महाकुंभ जाने वाली बस नाले में गिर गई, जिसमें 10 बच्चे और एक आदमी की मौत हो गई.इस वीडियो को लेकर यूपी पुलिस ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म श्एक्सश पर पोस्ट किया. पोस्ट में लिखा, ष्पाकिस्. तान में हुई दुर्घटना के वीडियो को भ्रामक रूप से महाकुंभ प्रयागराज का बताकर अफवाह फैलाने वाले विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट के विरुद्ध कुंभ मेला पुलिस द्वारा एफआईआर पंजीकृत करके वैधानिक कार्रवाई की जा रही है. कृपया तथ्यों को सत्यापित किए बिना सोशल मीडिया पर कोई भ्रामक पोस्ट न करें. ष्पाकिस्तान से संबंधित इस वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने को लेकर 36 सोशल मीडिया अकाउंट के विरुद्ध कोतवाली कुंभ मेला पुलिस में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है. बता दें कि महाकुंभ को लेकर भ्रामक वीडियो, फोटो, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर नैरेटिव एवं दुष्प्रचार करने के संबंध में 11 मामलों में कुल 137 विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है.

### महाकुंभः लौट रहे श्रद्धालुओं की स्कॉर्पियो और ट्रैक्टर ट्रॉली में घुसी, नेपाल के 3 लोगों की मौत, 7 घायल

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में महाकुंभ से नेपाल लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी स्कॉर्पियों कार की ट्रैक्टर ट्राली से टक्कर हो गई. ये सभी लोग नेपाल के कंचनपुर जा रहे थे तभी रास्ते में हादसे का शिकार हो गए. इस एक्सीडेंट में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि सात लोग बुरी तरह घायल हो गए हैं. उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. शुक्रवार देर रात करीब 12 बजे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे पर हुआ. स्कॉर्पियो में सवाल सभी लोग प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे थे. तभी बांसगांव थानाक्षेत्र में पड़ने वाले गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे पर उनकी कार ने एक ट्रैक्टर ट्रॉली को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. ये टक्कर इतनी तेज थी कि कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. इस हादसे के बाद लोग जान बचाने के लिए चीख पुकार करने लगे. हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 7 लोग घायल हो गए हैं. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को स्थानीय लोगं की मदद से बाहर निकाला और एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भेजा गया.

### फिरोजाबाद के थाना नारखी क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई

फिरोजाबाद के थाना नारखी क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। शराब पीने की आदत को लेकर मां की डांट से नाराज 25 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली।गांव पचवान के रहने वाले भीकम सिंह के बेटे लव कुश को शराब पीने की लत थी। शुक्रवार रात भी वह नशे की हालत में घर लौटा। मां ने जब उसे इस बात के लिए फटकार लगाई, तो वह घर से बाहर चला गया।रात भर परिवार ने उसकी तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। शनिवार सुबह गांव के बाहर एक पेड़ पर उसका शव लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। थाना नारखी के इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, युवक के शराब पीने की आदत से परेशान मां की डांट–फटकार के बाद उसने यह कदम उठाया।

### मध्य प्रदेश के रीवा में एक कपल कोर्ट मैरिज के लिए जिला न्यायालय पहुंचा

मध्य प्रदेश के रीवा में एक कपल कोर्ट मैरिज के लिए जिला न्यायालय पहुंचा, लेकिन इस दौरान कोर्ट परिसर में बवाल खड़ा हो गया. वकीलों ने लव जिहाद के शक में युवक–युवती को पकड़कर उनकी पिटाई कर दी. इस दौरान वकीलों ने कपल को दौड़ा–दौड़ा कर पीटा. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह युवक–युवती को वहां से निक. ालकर थाने ले गई. हालांकि तब तक सिविल लाइन थाने में धर्म जागरण के लोग भी पहुंच गए और युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की.यह घटना रीवा डिस्ट्रिक्ट कोर्ट परिसर की है. यहां मुस्लिम युवक और हिंदू लड़की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में शादी करने पहुंचे थे. हालांकि जैसे ही वकीलों को इसकी जानकारी लगी वो मौके पर पहुंच गए और युवक–युवती को घेर लिया. जिसके बाद वकीलों ने युवक–युवती से पूछताछ की.गुस्से में आए कुछ वकीलों ने युवक को पकड़कर पिटाई कर दी. इस दौरान युवक लहूलुहान हो गया. युवती को भी पीटने की कोशिश की गई. कोर्ट परिसर में हंगामा बढ़ता देख किसी ने तुरंत पुलिस को सूचना दी. सिविल लाइंस पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और भीड़ को हटाकर किसी तरह युवक–युवती को बचाया.गो. विंदगढ़ के अमिलकी के रहने वाले युवक–युवती कोर्ट मैरिज करने रीवा के जिला न्यायालय पहुंचे थे और दोनों अलग–अलग धर्म के थे. लड़की अपने प्रेमी के साथ बुर्का पहन कर न्यायालय पहुंची थी, ताकि किसी को शक न हो. दोनों ने शादी के दस्तावेज तैयार कराने के लिए जिला न्यायालय के अंदर एक वकील से संपर्क किया. जैसे ही वकील ने नाम पढ़ा, पूरे कोर्ट परिसर में बवाल मच गया और कपल के साथ मारपीट कर दी.कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं ने युवक से पूछताछ शुरू कर दी. इस पूछताछ के दौरान युवक ने खुद को मुस्लिम बताया, जबकि युवती हिन्दू समाज की ब्राह्मण युवती निकली. बस फिर क्या था इसकी सूचना पुलिस को दे दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को हटाकर किसी तरह युवक–युवती को बचाया और फिर दोनों को सिविल लाइन थाने लाया. सिविल लाइन थाने के थाना प्रभारी कमलेश शाहू का कहना है कि जिला न्यायालय में युवक युवती के साथ मारपीट हुई है. हमने दोनों को बचाकर अधिवक्ताओं से निकला है. हम पूरे मामले की जांच कर रहे हैं. जांच के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी.

# 50 हजार घरों तक पहुंचा घुन लगा गेहूं 20 अधिकारी जांच के घेरे में

शासन की जांच टीम ने कासिमपुर और सूतमिल स्थित भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदाम का कोना–कोना चेक किया है। कासिमपुर स्थित गोदाम कर्मी टीम के सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। टीम ने कोटेदार और लाभार्थियों से भी बयान लिए।राशन की दुकानों से घुन लगे गेहूं और कीड़े लगे चावल के वितरण के मामले में एफसीआई सहित अन्य विभागों के कर्मचारी और अधिकारी जांच के घेरे में आ रहे हैं। जांच टीम के समक्ष आया कि 135 दुकानों से गेहूं और चावल का वितरण हुआ था। यह पचास हजार घरों तक पहुंचा। शासन की टीम ने प्रारंभिक जांच के बाद एफसीआई के ही 20 अफसरों को नोटिस जारी किया है। वहीं जिला पूर्ति विभाग और जिला खाद्य एवं विपणन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही भी सामने आ रही है। 21 फरवरी को पहुंची शासन की जांच टीम ने कासिमपुर और सूतमिल स्थित भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदाम का कोना–कोना चेक किया है। कासिमपुर स्थित गोदाम कर्मी टीम के सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। टीम ने कोटेदार और लाभार्थियों से भी बयान लिए।शासन की जांच टीम सुबह 10 बजे नौरंगाबाद छावनी पहुंची। यहां पर लाभार्थियों से खराब चावल के संबंध में पूछा। यहां पर कोटेदार से भी जानकारी की गई। पूछा गया कि खाद्यान्न कहां से आता है। 11 बजे जांच टीम एफसीआई के गोदाम कासिमपुर पहुंची। पूछा गया कि गेहूं दो साल तक यहां पर क्यों रखा रहा। किसके आदेश से रखा रहा। इसकी सूचना किस उच्च स्तर के अधिकारी को दी गई। गेहूं को सुरक्षित रखने के लिए किस तरह के उपाय किए गए। गोदाम में नमी की मात्रा को नियंत्रित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं। टीम के साथ सांसद सतीश



गौतम भी कासिमपुर एफसीआई गोदाम पहुंचे और एफसीआई कर्मियों को फटकार लगाई। सांसद ने उनसे कहा कि सरकार का नाम खराब करना चाहते हो। टीम यहां पर दोपहर 1.30 बजे तक रही। टीम में अपर आयुक्त खाद्य राममूर्ति पांडेय, परियोजना प्रबंधक प्रतीक सिंह, संघ विपणन अधिकारी रतन कुमार, उपायुक्त खाद्य मुरादाबाद ओम प्रकाश सहित स्थानीय अधिकारी शामिल रहे।प्रदेश से आई टीम ने मामले की जांच की है। वह अपनी रिपोर्ट शासन को देंगे। हमने इस प्रकरण में जो जांच की थी उसकी रिपोर्ट शासन को भेज दी है। आगे की कार्यवाही शासन स्तर से होनी है।

# प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत आजीविका पोषण संबंधी सहायता के लिए 28 फरवरी तक करें ऑनलाइन आवेदन

अलीगढ़ : सहायक निदेशक मत्स्य प्रियंका आर्या ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की विभिन्न मात्स्यिकी परियोजनाओं के लाभ से जन सामान्य को आच्छादित करने के लिए ऑनलाईन आवेदन प्राप्त करने हेतु http://fisheries-up-gov.पद विभागीय पोर्टल 28 फरवरी तक पुनः खोला गया है।उन्होंने बताया कि संदर्भित योजना के अन्तर्गत एक नयी परियोजना भी इस वित्तीय वर्ष से संचालित की जा रही है जिसमें मछली पकडने के प्रतिबंध, दुर्बल अवधि के दौरान मत्स्य पालन संसाधनों के संरक्षण के लिए पिछडे हुए सक्रिय पारंपरिक मछुआरों के परिवारों के लिए आजीविका और पोषण संबंधी वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने इच्छुक मछुआरों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक आवेदन कर योजना का लाभ लें। उन्होंने बताया कि आवेदन करने के लिए लाभार्थी पूर्णकालिक सक्रिय मछुआरा होना चाहिए साथ ही वह एक कार्यात्मक स्थानीय मछुआरा सहकारी समिति का सदस्य हो और गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल)हो जिसकी आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो। उन्होंने बताया कि परियोजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए विभागीय पोर्टल अथवा कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य 4/9 जॉन्सन कम्पाउण्ड जेल रोड से संपर्क किया जा सकता है।

# महाशिवरात्रि को लेकर एक्शन मोड में आया नगर निगम– कावड़ियों के आवागमन की तैयारी में जुटा नगर निगम

महाशिवरात्रि के पर्व को देखते हुए अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने अधीनस्थों के साथ महाशिवरात्रि के निर्धारित 4 सेक्टर व कावड़ियों के रूट पर नगर निगम द्वारा की जाने वाली सफाई, पेयजल, लाइट, सड़क पेंचवर्क आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।अपर नगर आयुक्त ने क्वारसी चौराहा रामघाट रोड किशनपुर तिराहा आगरा रोड सासनी गेट उदय सिंह जैन रोड खैर रोड खेरेश्वर धाम का निरीक्षण किया अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव क्वारसी चौराहे से पीएसी को जाने वाले मार्ग पर सड़क के दोनों किनारो पर अवैध रूप से निर्माण सामग्री रखकर अतिक्रमण करने वालों को जमकर फटकार लगाई अपर नगर आयुक्त ने निर्माण सामग्री की बिक्री करने वालों पर जुर्माना भी लगाया साथ ही साथ महा. शिवरात्रि पर कावड़ियों के आगमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित रूट पर निर्माण सामग्री की बिक्री बंद रखने व मीट की दुकान बंद रखने के निर्देश दिए है।अपर नगर आयुक्त ने सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह को कांवरियों के स्वागत के लिए लगने वाले सभी कैंप संचालकों से समन्वय स्थापित कर प्रतिबंधित प्लास्टिक उत्पादों का इस्तेमाल न करने, इस पर्व को जीरोवेस्ट पर्व के रूप में मनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त ने कावड़ियों के रूट पर सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए सुबह 7रू00 अपराह्न 12रू00 और शाम 6रू00 बजे नगर निगम के वाहनों को कूड़ा उठाने के लिए मूवमेंट पर लगाने के साथ–साथ महाशिवरात्रि को देखते हुए दोपहर की शिफ्ट में भी सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।अपर नगर आयुक्त ने सफाई,लाइट, निर्माण विभाग के अपने सभी अधीनस्थों को परंपरागत रूप से की जाने वाली व्यवस्थाओं को अभी से चेक कर समय से पूरा कराए जाने के निर्देश दिए। अपर नगर आयुक्त ने खेरेश्वर धाम समिति से मिलकर उनके द्वारा बताई गई समस्याओं को तत्काल प्रभाव से निस्तारित कराते हुए युद्ध स्तर पर खेरेश्वर धाम पर विशेष सफाई अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए। अपर नगर आयुक्त ने कावड़ियों के आवागमन वाले मार्गों पर साइन बोर्ड, सड़क पर पैच वर्क खेरेश्वर धाम पर नियमित फॉगिंग, मोबाइल टॉयलेट, कूड़ेदान, जनरेटर लगवाए जाने कावड़ियों के मार्ग पर लीकेज मरम्मत तत्काल सर्वोच्च प्राथमिकता पर अभी से कराये जाने के साथ–साथ महाशिवरात्रि के अवसर पर होने वाले भंडारे व कैम्प पर अनिवार्य रूप से कूड़ेदान लगाए जाने के निर्देश भी दिए।अपर नगर आयुक्त ने कहा महाशिवरात्रि के अवसर कावड़ियों के स्वागत के लिए अलीगढ़ नगर निगम पूर्ण रूप से तैयार है और महाशिवरात्रि के पर्व पर गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी नगर निगम अलीगढ़ द्वारा बेहतर से बेहतर सफाई पेयजल प्रकाश व निर्माण की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएंगी सामा. जिक संगठनों से अनुरोध है कृपया प्रतिबंधित प्लास्टिक उत्पाद का महाशिव. रात्रि कैम्प में व कावड़ियों के स्वागत में इस्तेमाल ना करेंनिरीक्षण में अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव के साथ सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह अधिशासी अभियंता विजेंद्र पाल सिंह प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी रामानंद त्यागी पशु कल्याण अधिकारी डॉक्टर राजेश वर्मा अवर अभियंता पथ प्रकाश संजय कुमार मीडिया सहायक एहसान रब आदि साथ थे

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में विकास कार्यो की मण्डलीय बैठक संपन्न



अलीगढ़ः मण्डलायुक्त संगीता सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में सीएम डैश बोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक आहुत की गई। मण्डलायुक्त ने विकास एवं निर्माण कार्यों में बजट उपलब्ध होने के बावजूद भौतिक प्रगति के सापेक्ष वित्तीय प्रगति कम होने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि अधिकारी चढ़ावे का इंतजार किए बिना संबंधित को भुगतान करना सुनिश्चित करें ताकि मण्डल की रैंकिंग में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी भौतिक और वित्तीय प्रगति को साथ–साथ लेकर चलें, धनराशि उपलब्ध होने के बावजूद बिल भुगतान न करना अधिकारियों की मंशा पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। उन्होंने सभी सीडीओ को भुगतान के लिए लंबित बिलों को सत्यापित करने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी बिल भुगतान या धनराशि समर्पित वाले प्रकरणों में मार्च का इंतजार न करें।समीक्षा में माह जनवरी में अलीगढ़ 71, हाथरस 19 व कासगंज 35 एवं एटा 22 वें स्थान पर पाया गया अलीगढ़ की खराब रैंकिंग के संबंध में सीडीओ प्रखर कुमार सिंह ने बताया कि छात्रवृत्ति योजनाओं एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एवं विभिन्न निर्माण कार्यों में भुगतान के उपरांत वित्तीय प्रगति बढ़ने से जिले की रैंकिंग में सुधार हो जाएगा। मण्डलायुक्त ने फैमिली आईडी एवं जीरो पॉवरिटी की समीक्षा में आयुष्मान कार्ड समेत विभिन्न पेंशन योजनाओं के लाभार्थयों को प्राथमिकता से शामिल करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन की समीक्षा में एसई जल निगम ग्रामीण ने बताया कि विगत माह पोर्टल बंद था अब पोर्टल के सुचारू रूप से कार्य करने के उपरांत कार्यों को उपलोड किया जा रहा है जिससे रैंकिंग में सुधार होगा। सामाजिक वनीकरण की समीक्षा में मण्डलायुक्त ने आगामी वृक्षारोपण में सभी अमृत सरोवरों के आसपास सघन वृक्षारोपण कराए जाने एवं रोपित पौधों की जीवितता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निपुण परीक्षा आकलन में बताया गया कि माह नवंबर 2024 में निपुण परीक्षा आयोजित की गई जिसका परिणाम अभी तक नहीं आया है, परिणाम पोर्टल पर अपलोड होने से रैंकिंग में सुधार होगा। ओडीओपी योजना में बताया गया कि एटा के लिए चिकोरी को भी ओडीओपी में शामिल करने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। मण्डलायुक्त ने एटा में चिकोरी उत्पादकों के लिए प्रशिक्षण दिलाए जाने के साथ ही हाथरस में भी हींग के अतिरिक्त किसी अन्य उत्पाद का भी ओडीओपी के तहत प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्योग विभाग की विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं में मार्जिन मनी से लाभार्थियों समय से लाभान्वित कराने के भी निर्देश दिए।मण्डल स्तर पर ई–ऑफिस प्रणाली लागू किए जाने के लिए 107 विभागों के सापेक्ष मात्र 08 के द्वारा डाटा उपलब्ध कराने पर मण्डलायुक्त ने कड़ी नारागी प्रकट करते हुए निर्देशित किया कि दो दिन में डाटा उपलब्ध न कराने वाले अधिकारियों के विरूद्ध शासन में पत्र प्रेषित किया जाए।

आईजीआरएस की समीक्षा में करते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि शिकायतकर्ता के संतुष्ट होने पर ही रैंकिंग होगी, ऐसे में अधिकारी प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक एवं समय सीमा के अंदर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। अधिकारी प्रतिदिन पोर्टल खोलें और सुनिश्चित करें कि कोई भी प्रकरण डिफॉल्टर की श्रेणी में न आने पाए। मण्डलायुक्त ने महाशिवरात्रि पर्व को लेकर अलीगढ़ एवं कासगंज में गंगा घाटों समेत काबड़ यात्रा मार्गों एवं मंदिरों पर श्रद्धालुओं के लिए समय से समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रामघाट रोड व कासगंज में जो भी पैच हैं उनको दुरूस्त किया जाए। मंदिरों व काबड़ यात्रा मार्गों पर पेयजल, ड्रेनेज, साफ–सफाई व प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। इससे पूर्व मण्डलायुक्त द्वारा विगत दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जवां के निरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट चिकित्सकीय सुविधाओं के लिए चिकित्सा अधीक्षक जवां डा0 अंकित सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।बैठक में डीएम अलीगढ़ संजीव रंजन, डीएम एटा प्रेम रंजन, संयुक्त विकास आयुक्त मंशाराम यादव, डीएफओ नवीन पी0 शाक्य, सीडओ अलीगढ़ प्रखर कुमार सिंह, सीडीओ एटा डा0 एनएन मिश्र, कासगंज सचिन, सीडीओ हाथरस सुरेश चन्द्र, मण्डलीय अर्थ एवं संख्याधिकारी अनुला वर्मा समेत अन्य मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हरदुआगंज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का हुआ आयोजन

अलीगढ : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत हरदुआगंज स्थित रूकमणि विहार गैस्ट हाउस में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह का नगर पंचायत अध्यक्ष हरदुआगंज श्री राजेश यादव द्वारा विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया गया। उन्होंने नवदंपतियों के सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए कहा कि वह सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ प्राप्त कर अपने जीवन में आगे बढ़ें। सरकार जीवन के हर कदम पर आपके साथ है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के आयोजन मील के पत्थर साबित हो रहे हैं। पूर्व में जिन गरीब परिवारों की बेटियों की शादी धनाभाव में सम्मानपूर्वक नहीं हो पाती थी अब वह भव्य समारोहों के माध्यम से संपन्न हो रही हैं।इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत हरदुआगंज श्रीमती अंजना यादव, जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य, उमेश पाठक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने नव विवाहित वर–वधुओं पर पुष्प वर्षा कर अपना शुभाशीष प्रदान किया और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की।जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल ने बताया कि सामूहिक विवाह में 244 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया जिसमें से 218 जोड़ों का वैदिक रीति रिवाज एवं 26 जोड़ों का मुस्लिम रीति–रिवाज के अनुसार विवाह कराया गया।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने अलीगढ़ में की संगठन के विस्तार पर गहन चर्चा कार्यकर्ताओं ने किया जोशीला स्वागत

अलीगढ़।कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रूबी खान का चर्च कंपाउंड में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया इतना ही नहीं उन्होंने पदाधिकारियों के साथ बैठक की और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा की।इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रूबी खान ने कहा कि अलीगढ़ से संगठन सशक्तिकरण दौरे की शुरुआत इसलिए की गई है क्योंकि यहां से उठी आवाज पूरे हिंदुस्तान में गूंजती है जबकि आज यह सिर्फ उनकी आवाज नहीं, बल्कि राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और इमरान प्रतापगढ़ी की आवाज है जो उत्तर प्रदेश कांग्रेस को नई ताकत देने के लिए उठी है।उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य अल्पसंख्यक विभाग को बूथ स्तर तक मजबूत करना है और संगठन में युवाओं,महिलाओं और जमीनी कार्यकर्ताओं को अधिक भागीदारी दी जाएगी।उन्होंने भरोसा जताया कि इमरान प्रतापगढ़ी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का अल्पसंख्यक विभाग उत्तर प्रदेश में पार्टी की शक्ति के रूप में कार्य करेगा। खास बात ये है कि रूबी खान के इस दौरे को कांग्रेस के संगठन विस्तार और मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है और उनके दौरे से कार्यकर्ताओं में नया जोश देखने को मिला।वहीं उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर ने कहा कि अलीगढ़ मंडल में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारियों ने इस पहल का स्वागत किया और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर प्रदेश महासचिव विंसेंट जोयल,पूर्व शहर अध्यक्ष अनवर अकील,वसीम ठाकुर,जमील खान,लीना कुमार,असद फारूक,खालिद,लल्ला बाबू, साजिद चौधरी,दिलशाद भाई,शहजाद हुसैन,आरिफ त्यागी,शारुख राणा,अजीम, बब्बो,कौशल पंडित,मनीष पंडित,जे.आर. सिंह अन्य लोग मौजूद रहे।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना मडराक व पनैठी यार्ड जनपद अलीगढ पर खडे हुए पुराने मुकदमाती वाहन चार पहिया वाहन 11 व दोपहिया वाहन 23 तथा 12 टिर्री की नीलामी दिनांक 27.02.2025 को समय 11.00 बजे दिन थाना मडराक पर होना प्रस्तावित है इच्छुक ठेकेदार निर्धारित सिक्योरिटी मनी 5,00,000 रु (पांच लाख रुपये) की धनराशि मय पैन कार्ड मूल जीएसटी प्रमाण पत्र मूल चरित्र प्रमाण पत्र के साथ निर्धारित शर्तों को पूर्ण करते हुए नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते है। इच्छुक ठेकेदार किसी भी कार्य दिवस में थाना परिसर / पैनेठी यार्ड पर खडे नीलामी हेतु चिन्हित वाहनों को देख सकते है। सम्पर्क सुत्र एच एम विकास बाबू मो0न0 8630175215,7839876376

# रजबहे की पटरी कटी, 50 बीघा गेहूं-आलू की फसल डूबी

# किसानों ने जेसीबी लगाकर खुद ठीक की पटरी

सादाबाद के गांव कुम्हरई से गुजर रहे जुगसना रजबहे में अचानक पानी छोड़े जाने से 21 फरवरी की सुबह इसकी पटरी टूट गई, जिससे इसका पानी आसपास के खेतों में घुस गया। इससे 10 किसानों की गेहूं और आलू की करीब 50 बीघा फसल जलमग्न हो गई। सुबह पानी में डूबी फसलों को देख किसानों ने अपना माथा पकड़ लिया। किसानों को डर है कि अधिक पानी लगने की वजह से कहीं उनकी फसल न बर्बाद हो जाए। पानी आने से गांव कुम्हरई निवासी किसान सुरेश की छह बीघा, महेश की छह बीघा, महीपाल की सात बीघा, चित्रा की साढे तीन बीघा, मुकेश की चार बीघा, जयवीर की तीन बीघा, महेश की तीन बीघा, सुरेश की तीन बीघा, लालता प्रसाद की सात बीघा, बनी सिंह की छह बीघा आदि की लगभग 50 बीघा गेहूं व आलू की फसल जलमग्न हो गई। सुबह जब किसान खेतों पर पहुंचे तो वहां का हाल देखकर चिंतित हो गए। किसानों ने रजबहे की पटरी को ठीक करने के प्रयास शुरू कर दिए। मौके पर लेखपाल हेमंत ने भी डूबी फसल का जायजा लिया और इससे उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि करीब 50 बीघा फसल जलमग्न हुई है। ग्रामीणों और ग्राम प्रधान पूरन सिंह ने संयुक्त रूप से जेसीबी की मदद से कटी हुई पटरी को दोपहर तक ठीक किया, तब जाकर रजबहे का पानी खेतों में घुसना बंद हुआ। मौके पर सिंचाई विभाग के सींचपाल भी पहुंच गए।मेरी सात बीघा आलू की फसल रजबहे के पानी से



जलमग्न हो गई है। रजबहे में पानी छोड़ने से पहले इसकी सफाई कराई जानी चाहिए थी, लेकिन सिंचाई विभाग की लापरवाही से उनकी फसल में नुकसान होने की पूरी संभावना है। मेरी भी करीब छह बीघा आलू की फसल में रजबहे की पटरी कटने की वजह से पानी भर गया। इससे फसल को भारी नुकसान हो सकता है। प्रशासन को जांच कराकर मुआवजा देना चाहिए। रजबहे की पटरी कटने से मेरी भी करीब पांच बीघा आलू की फसल में पानी भर गया। काफी मेहनत व लागत लगाने के बाद फसल तैयार की थी, लेकिन लगता है पानी भरने वह कहीं बर्बाद न हो जाए।

## महाशिवरात्रि : कांवड़ियों को आराम देने को 26 जगह . लगेंगे शिविर, आज से रूट रहेगा डायवर्ट

26 शिविरों में श्रद्धालुओं के ठरहने के साथ अन्य सुविधाएं दी जाएंगीं। 18 शिविर जिला प्रशासन की ओर लगाया जाएगा। जबकि आठ शिविर की व्यवस्था हाथरस नगर पालिका, मुरसान नगर पंचायत, मेंडू नगर पंचायत व सिकंदराराऊ नगर पा. लिका की ओर से की जाएगी।कांवड़ यात्रा को लेकर हाथरस जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। प्रशासन की ओर से 23 फरवरी से शिविर लगाए जाएंगे। 22 फरवरी से मार्ग परिवर्तन किया जाएगा। जिले में 26 जगहों पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। 24 घंटे में तीन शिफ्ट में छह अधिकारियों को तैनात किया गया है।महाशिवरात्रि को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई हैं। जिले से गुजरने वाले मुख्य मार्गों पर शिविरों का आयोजन प्रशासन की ओर से किया जाएगा। 26 शिविरों में श्रद्धालुओं के ठरहने के साथ अन्य सुविधाएं दी जाएंगीं। 18 शिविर जिला प्रशासन की ओर लगाया जाएगा। जबकि आठ शिविर की व्यवस्था हाथरस नगर पालिका, मुरसान नगर पंचायत, मेंडू नगर पंचायत व सिकंद. राराऊ नगर पालिका की ओर से की जाएगी। 18 शिविरों में तीन शिफ्ट में दो–दो अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।इन जगहों पर लगेंगे सरकारी शिविर जिला प्रशासन की ओर से सासनी में हनुमान चौकी बालाजी रिसोर्ट, समामई रूहल, बिजहारी स्वर्णधाम कॉलोनी के पास, पंचायत घर महमूदपुर बरसै व रुहेरी पर शिविर लगेंगे। सहपऊ क्षेत्र में बढ़ार,



बजंरग इंटर कॉलेज नगला सलेम, बुड़ाइच पंचायत घर, मढ़का में शिविर लगेगा। इधर, सादाबाद में गोविंदपुर चौकी के पास, कुरसंडा पैट्रोल पंप के सामने, चुन्नी सिंह उत्तर माध्यमिक विद्यालय गीगला पर शि. विर लगेगा। वहीं, हसायन में भेंकुरी, बरसामई और सिकंदराराऊ में कचौरा, जीएस भट्ठा पिपलगवां, अगसौली चौराहा लगेगा। हाथरस में कैलोरा पंचायत घर के सामने शिविर लगाए जाएंगे। नगर निकायों द्वारा हाथरस पुलिस लाइन, हतीसा पुल, कलेक्ट्रेट, रोडवेज बस स्टैंड, नगला भुस पर शिविर लगेगा।आज से परिवर्तित रहेगा मार्ग, नहीं घुसेंगे बड़े वाहन महाशिवरात्रि के मद्देनजर पुलिस प्रशासन की ओर से शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश रोकने के लिए मार्ग परिवर्तित किया गया है। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि शिवरात्रि से पहले कांवड़िया कासगंज और बुलंदशहर जिलों के विभिन्न गंगाघाटों से कांवड़ में गंगाजल लेकर आते हैं और अपने गंतव्य तक पहुंचकर जलाभिषेक करते हैं। शहर के अंदर होकर कांवड़ियों का आवागमन अधिक रहता है। इस कारण उनकी सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए 22 फरवरी की सुबह आठ बजे से 26 फरवरी को महा. शिवरात्रि की समाप्ति तक बड़े वाहनों के आवागमन के लिए मार्ग परिवर्तित रहेंगे। इस तरह रहेगा मार्ग परिवर्ति आगरा की ओर से आने वाले मध्यमध्बड़े वाहन नगला भुस तिराहा से बाईपास होते हुए बाया हतीसा पुल जनपद अलीगढ़ की ओर जाएंगे। अलीगढ़ की तरफ से आने वाले मध्यम व बड़े वाहन रुहेरी तिराहा से बाईपास होते हुए बाया हतीसा पुल, जनपद मथुरा और आगरा की ओर जाएंगे। सिकंद. राराऊ की ओर से आने वाले मध्यम व बड़े वाहन कोतवाली हाथरस जंक्शन से हा. थरस बाईपास होते हुए बाया रुहेरी–हतीसा पुल होते हुए आगरा, मथुरा व अलीगढ़ की तरफ जाएंगे।मथुरा की ओर से आने वाले वाहन हतीसा पुल के ऊपर (बाईपास) से होते हुए आगरा और अलीगढ़ की ओर जाएंगे।जलेसर की ओर से आने वाले मध्यम व बड़े वाहन चामड़ गेट चौराहे से डीआरबी तिराहा, नगला भुस बाईपास होते हुए आगरा और अलीगढ़ की ओर जाएंगे। जनपद कासगंज की ओर जाने वाले मध्यम व बड़े वाहन सिकंदराराऊ में सरदला पुल से बाईपास होते हुए जनपद एटा और अलीगढ़ की तरफ जाएंगे।

### पुलिस मुठभेड़रू दुल्हे के पिता से बैग छीनने और फायरिंग करने वाला दबोचा, गोली लगने से हुआ घायल

सादाबाद पुलिस ने दूल्हे के पिता से रुपयों को बैग छीनने और मिष्ठान भंडार पर फायरिंग के आरोपी को पुलिस मुठभेड़ में दबोच लिया।विगत 7 फरवरी को सादाबाद में बारात चढ़ते समय दूल्हे के पिता से रुपयों से भरा बैग को छीन लिया गया था। 21 दिसंबर 2024 को ताराचंद मिष्ठान भंडार के पास फायरिंग की गई। पुलिस ने एक आरोपी को मुठभेड़ के दौरान दबोच लिया। आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिससे वह घायल हो गया।21 फरवरी में थाना सादाबाद पुलिस को चौकिंग के दौरान सूचना कि थाना सादाबाद में बारात चढत के दौरान बैग छीनने व ताराचंद मिष्ठान भंडार में फायरिंग करने वाला बदमाश मथुरा की तरफ जा रहा है । सूचना पर पुलिस ने संदिग्ध बदमाश को रोकने का प्रयास किया परन्तु वह नहीं रुका । बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। राया से मथुरा लिंक रोड के पास पुलिस की बदमाश से मुठभेड़ हो गई। जिसमें सादाबाद के ग्राम मोनिया निवासी अभियुक्त गोलू पुत्र वीरेंद्र घायल हो गया। पुलिस ने घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल भेजा । जिसके कब्जे से लूटे हुए 20000 रुपए व अवैध असलाह–कारतूस बरामद हुए।

## हाथरस में कांग्रेस पार्टी ने आगामी जिला पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक

हाथरस में कांग्रेस पार्टी ने आगामी जिला पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रभारी तौकीर आलम का जिलाध्यक्ष चंद्रगुप्त विक्रमादित्य के नेतृत्व में अलीगढ़ रोड बॉर्डर पर स्वागत किया गया।कांग्रेस कैंप कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रा. जकुमार रावत और प्रदेश महासचिव मुकेश धनगर, श्यौराज जीवन ने परसट्टा बाजार स्थित पार्टी कार्यालय में अलग से बैठक की। जिलाध्यक्ष ने वरिष्ठ नेताओं का 31 किलो की माला, शॉल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया।राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम ने कहा कि पार्टी पूरी ताकत से जिला पंचायत चुनाव लड़ेगी। मजबूत उम्मीदवारों की तलाश शुरू कर दी गई है। उन्होंने इच्छुक प्रत्याशियों से अपने क्षेत्र में सक्रिय होने का आह्वान किया। आलम ने संगठन के जल्द पुनर्निर्माण की भी घोषणा की। उन्होंने राहुल गांधी का संदेश दोहराते हुए कहा कि हर पदाधिकारी की जवाबदेही तय होगी।बैठक में यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष गौरांग देव चौहान, परवेज अहमद, राजेश राज जीवन, अखिलेश शर्मा, योगेश कुमार ओके, मथुरा प्रसाद, सत्य प्रकाश रंगीला, बीना गुप्ता, जैनुद्दीन जैन, अनुज कुमार संत, आकाश सिंह, अविनाश पचौरी, कपिल नरूला सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## परीक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा प्रशासन, कंट्रोल रूम तैयार

हाथरस में कंट्रोल रूम तैयार हो गया है। जिले के सभी 96 परीक्षा केंद्रों पर यहां से नजर रखी जा सकेगी। परीक्षा केंद्र के हर एक कक्ष पर निगाह रखने के लिए करीब 26 कंप्यूटर लगाए गए हैं।यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को हाथरस जिला प्रशासन की ओर से अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिले में उत्तर पुस्तिकाओं के पहुंचने के बाद अब उनके वितरण की कवायद की जा रही है। अधिकारी परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं।जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में कंट्रोल रूम तैयार हो गया है। जिले के सभी 96 परीक्षा केंद्रों पर यहां से नजर रखी जा सकेगी। परीक्षा केंद्र के हर एक कक्ष पर निगाह रखने के लिए करीब 26 कंप्यूटर लगाए गए हैं। अधिकारी प्रत्येक कैमरे की लोकेशन को चेक कर रहे हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक संत प्रकाश ने बताया कि तैयारी अब अंतिम रूप में है। हर एक छोटी–छोटी कमियों को दूर किया जा रहा है।

## नर्मदेश्वर रूपी गोपेश्वर महादेव हाथरस में 160 सालों से हैं विराजमान, कश्मीर से हाथरस लाया गया था शिवलिंग

हाथरस शहर के बागला कॉलेज रोड स्थित गोपेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना करीब 160 साल पहले हुई थी। यहां के शिवलिंग नर्मदेश्वर हैं। इस मंदिर की अपनी अलग मान्यता है। महाशिवरात्रि पर यहां रात के चारों प्रहर में महादेव का अभिषेक किया जाता है।लोक मान्यता है कि यहां के शिवलिंग अवतरित हैं, जिसे यहां से ले जाया गया था। लेकिन कश्मीर के एक व्यक्ति को स्वप्न आया कि उनकी सेवा तो हाथरस के सेठ गोपीनाथ गुड़िहा को करनी है। तब उसने शिवलिंग को वापस किया। सेठ गोपीनाथ गुड़िहा ने मंदिर की स्थापना की। इस शिवलिंग की ऊंचाई करीब 6.5 फीट है, जितना ऊपर है, उतना ही जमीन के नीचे है।इस मंदिर की दूर–दराज तक मान्यता है। महाशिवरात्रि पर यहां धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। महादेव का भव्य शृंगार किया जाएगा।रात के चारों प्रहर में अभिषेक का विशेष आयोजन किया जाता है। हमारी पांचवी पीढ़ी इस मंदिर की सेवा कर रही है।

## हाथरस में भीषण सड़क हादसाय तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को रौंदा, तीन छात्राओं की मौत और एक युवक घायल

हाथरसः जिले के सादाबाद कोतवाली क्षेत्र में बाइक सवारों को एक ट्रक ने रौंदा. इस हादसे में अलीगढ़ जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कजरौठ की तीन छात्रों की मौत हो गई. वहीं, बाइक चला रहा युवक घायल हो गया. घायल को सादाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है.अलीगढ़ के इगलास थाना क्षेत्र की कजरौठ स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राएं शहनाज (16), नर्गिस (14) निवासी टेढ़ी बगिया आगरा और पीहू शर्मा निवासी चंदन नगर आगरा एक युवक के साथ बाइक पर आगरा की तरफ जा रही थी. इसी दौरान आगरा रोड पर गांव बढार के पास एक ट्रक की चपेट में आने से तीनों छात्राओं की मौके पर मौत हो गई. वहीं, बाइक चला रहे 24 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों की शिनाख्त करते हुए परिजनों को सूचना देते हुए पोस्टमार्टम के लिए. वहीं, घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादाबाद पहुंचाया. जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है.सीओ हिमांशु माथुर ने बताया कि गांव बढार के पास बाइक सवारों को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी. हादसे में तीन छात्रों की मौत हुई है. वहीं, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है, घायल को इलाज के लिए सादाबाद के सामूहिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया है. शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है.

## हाथरस भगदड़ की जांच में भोले बाबा को क्लीन चिट, अल्लू अर्जुन के फैंस नाराज

हाथरस में हुए सत्संग में मची भगदड़ मामले में न्यायिक आयोग ने अपनी रिपोर्ट दाखिल कर दी है. इस घटना में 121 लोगों की मौत हुई थी. जांच रिपोर्ट में नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा को क्लीन चिट दे दी गई है. भगदड़ के लिए पुलिस और आयोजकों को जिम्मेदार बताया गया है. न्यायिक आयोग की रिपोर्ट को कैबिनेट के सामने रखा गया. कैबिनेट ने रिपोर्ट को सदन में रखने की मंजूरी दे दी है. आयोग ने बताया है कि पुलिस अफसरों को हर आयोजन स्थल पर खुद जाकर मुआयना करना चाहिए. और आयोजक जिन शर्तों पर कार्यक्रम की अनुमति लेते हैं, उसको सख्ती से लागू कराने का प्रावधान होना चाहिए

## 1.68 करोड़ से हाथरस सहित तीन निकायों में होंगे निर्माण कार्य, ओपन जिम के साथ होंगी दुकान

हाथरस जिले की तीन नगर निकायों में मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत विकास कार्य कराए जाएंगे। इसके तहत युवाओं के लिए ओपन जिम के साथ ही दुकान, कौशल विकास केंद्र व कुछ सड़कों का निर्माण किया जाएगा।इस योजना में हाथरस नगर पालिका के साथ नगर पंचायत मुरसान और सहपऊ को शामिल किया गया है। इन तीनों जगहों पर यह कार्य कराए जाएंगे। योजना के तहत नगर पालिका हाथरस क्षेत्र में तीन स्थानों पर ओपन जिम का निर्माण कार्य किया जाएगा।इन पर 30 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।नगर पंचायत मुरसान में अर्बन प्लाजा के तहत दुकानों का निर्माण 39 लाख रुपये से किया जाएगा। 10 लाख रुपये से ओपन जिम और 23 लाख रुपये से कौशल विकास केंद्र बनाया जाएगा। सहपऊ नगर पंचायत में गढ़ी खेड़ा पार्क का सुंदरीकरण होगा। इसमें ओपन जिम, झूला, दीवार व रेलिंग तार व फेंसिंग आदि का काम कुल 63.56 लाख रुपये से होगा।इसके अलावा एक छोटी सड़क का निर्माण करीब छह लाख रुपये से होगा। इस प्रकार कुल 171.56 लाख रुपये की लागत से सभी निर्माण कार्य किए जाएंगे। शासन स्तर से इसके लिए वित्तीय स्वीकृति दे दी गई है। जल्द ही इन निर्माण कार्यों की शुरुआत हो जाएगी।

पीड़ित ध्यान दें
मो. 8218049162
jannayaksamratatigarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com

# एटा में नहाने जा रहे युवक पर हमलारूदो दबंगों ने मारी गोली, गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर

एटा जिले के नया गांव थाना क्षेत्र के नगला झम्मन में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। घर के बाहर हैंड पंप पर नहाने जा रहे 40 वर्षीय नरेंद्र को गांव के ही दो दबंगों ने गोली मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल नरेंद्र को परिजन अलीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही



पीड़ित नरेंद्र ने बताया कि वह घर के बाहर नल पर नहाने जा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही क्षत्रपाल और नेत्रपाल ने उन पर गोली चला दी। गोली लगने से वह छट पटाकर गिर पड़े। पीड़ित के अनुसार आरोपियों से कोई पुराना विवाद नहीं था। हालांकि, पहले आरोपियों ने उनके छोटे भाई की बुलेट बाइक छीन ली थी।घटना की सूचना मिलते ही नया गांव थाना पुलिस भारी संख्या में मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी रीतेश ठाकुर ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए जगह–जगह दबिश दी जा रही है।

## एटा के कोतवाली नगर आवागढ़ हाउस में एक बुजुर्ग महिला के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया

एटा के कोतवाली नगर आवागढ़ हाउस में एक बुजुर्ग महिला के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। टप्पेबाजों ने कंपनी के कर्मचारी बनकर महिला को ठग लिया। घटना शुक्रवार की है। पीड़ित मिथलेश देवी अपने घर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान दो लोग वहां पहुंचे। उन्होंने खुद को एक कंपनी का प्रतिनिधि बताया। आरोपियों ने कहा कि वे तांबे के बर्तन साफ करते हैं। महिला ने पूजा में इस्तेमाल होने वाला तांबे का लोटा साफ करवानी की सोची।पुलिस कर रही मामले की जांचआरोपियों ने कहा कि वे सोने–चांदी के जेवरात भी साफ कर देते हैं। महिला ने जैसे ही गहने निकालकर दिए, दोनों आरोपी तीन सोने की अंगूठी और चूड़ी लेकर फरार हो गए। महिला के शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए।पीड़िता ने देर रात कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## कासगंज : इम्तिहान की घड़ी .सोमवार से यूपी बोर्ड की परीक्षाएं, परीक्षार्थियों ने जाना सीटिंग प्लान

कासगंज  यूपी बोर्ड परीक्षा सोमवार से शुरू हो रही है। परीक्षाओं को लेकर सभी तैयारियां पूरी की गई। जिला प्रशासन और माध्यमिक शिक्षा विभाग ने तैयारियों को अंतिम रूप दे  दिया है। साथ ही परीक्षा केंद्र पर चाक चौबंद व्यवस्थाएं बनाई गई हैं। संवेदनशील और अतिसंवदेनशील परीक्षा केंद्र चिन्हित कर दिए गए हैं। इधर परीक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर सीटिंग प्लान जाना है और प्रवेश पत्र भी लिए हैं। कक्ष निरीक्षकों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है।जिले में परीक्षा केंद्रों का पहले ही निर्धारण हो चुका था। अब सोमवार से परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। इन परीक्षाओं में कहीं कोई लापरवाही न रहे इसको लेकर प्रशासन और शिक्षा विभाग ने कमर कस ली है। सुबह की पाली में हाईस्कूल–इंटरमीडिएट सुबह 8रू30 बजे से शुरू होगी। सुबह की पाली में इंटरमीडिएट की हिंदी की परीक्षा होगी। जबकि द्वितीय पाली में दोपहर दो से शाम 5रू15 बजे तक इंटरमीडिएट की हिंदी और सामान्य हिंदी की परीक्षा होगी। इस तरह हाईस्कूल हिंदी और प्रारंभिक हिंदी की परीक्षा सुबह की पाली में होगी। परीक्षा को लेकर चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं। अधिकारी व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए हैं। विद्यार्थियों ने स्कूलों में पहुंचकर प्रवेश पत्र प्राप्त किए। सीटिंग प्लान देखा है। साथ ही शिक्षकों से टिप्स लिए हैं। डीआईओएस  पीके मौर्य ने बताया कि परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कक्ष निरीक्षकों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को दिशा निर्देश दे दिए हैं। पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं संपन्न कराई जाएंगी। अनुचित सामग्री मिलने पर सख्त कार्रवाई होगी। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे। पुलिस ने व्यवस्था बना ली है। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस की तैनाती कर दी गई है। संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारी अपने क्षेत्र में निरीक्षण करते रहेंगे। थाना प्रभारी भी नजर रखेंगे। परीक्षा केंद्रों पर अनुचित सामग्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। आंकडे की नजर से .59 परीक्षा केंद्रों पर होगी परीक्षा .20788परीक्षार्थी हाईस्कूल में पंजीकृत .19103 परीक्षार्थी इंटर में पंजीकृत .39891 कुल है परीक्षार्थी 03 जोन बनाए गए जिले में 08 आठ बनाए गए हैं सेक्टर 09 अतिसंवेदनशील केंद्र हैं जिले में 10 संवेदनशील केंद्र हैं जिले में

## कासगंजः महाशिवरात्रि...101 लीटर की कांवड़ से भोलेनाथ का करेंगे जलाभिषेक

कासगंज : आगामी 26 फरवरी को महा. शिवरात्रि पर्व के मद्देनजर सड़कों पर कांवड़ियों का समूह बड़ी संख्या में देखे जा रहे हैं। शिवभक्त कावड़ में गंगाजल भरकर लाते हैं और शिवलिंग पर अर्पित करते हैं। लिहाजा अभी से सड़कों पर चारों तरफ हर–हर और बम–बम के जयकारे गूंज रहे हैं। मथुरा जिले के हयातपुर गांव से कांवड़ लेकर जा रहे कांवड़ियों ने बताया कि मनोकामना पूरी होने पर 101 लीटर की कांवड़ ले जा रहे हैं।श्रावण माह के अलावा फाल्गुन माह में महाशिवरात्रि पर्व पर बरेली मथुरा मार्ग पर कांवड़ियों का भारी दबाव रहता है। इस दौरान बड़ी संख्या में कांवड़ियों के अलग अलग समूहों का रेला देखा जाता है। इस समय दूरद. राज के क्षेत्रों के कांवड़ियों का समूह श्रद्धाभाव से जनपद में सोरों जी एवं निक. टवर्ती कछला गंगा घाट पर गाड़ियों, ट्रैक्टर ट्रॉली , बाइक एवं अन्य वाहनों के जरिए कांवड़ भरने जा रहे हैं। वापस लौटकर श्रद्धानुरूप अपने इच्छित शिव मंदिर पर उसे चढ़ाकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।कांवड़ियों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए प्रशासन ने भी अपने इंतेजाम कर लिए हैं जिससे उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या का सामना न करना पड़े। शहर में डिवाइडर पर बने कट को बैरिकेटिंग कर बंद किया गया है साथ ही भारी यातायात के लिए रूट डाइवर्जन भी किया गया है। आस्था के आड़े नहीं आया छोटा कदजनपद मथुरा के हयातपुर गांव निवासी चार फुट लंबे जीतू एवं उनके सहयोगी कछला गंगा घाट से 101 लीटर गंगाजल की कांवड़ अपने गांव के मंदिर में चढ़ाने ले जा रहे हैं। ईश्वर ने उनको छोटा शरीर दिया है, लेकिन उनके अंदर आस्था का जज्बा कूटकूटकर भरा था। ऐसा शरीर उनकी आस्था के आड़े नहीं आया और 101 लीटर गंगाजल की कांवड़ पूरे मनोयोग से ले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बच्चे की प्राप्ति के बाद ये कांवड़ उठाई है। परिवार के सभी लोग शिवरात्रि के दिन अपने गांव के मंदिर में शिवलिंग पर जल अर्पित करेंगे।दो दिन बंद रहेगी मटर मंडीबरेली मथुरा मार्ग स्थित कस्बा मो. हनपुरा में लगने वाली हरी मटर की मंडी इन दिनों अपने शबाब पर है। जिससे मार्ग पर काफी लंबा जाम लग जाता है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल मोहनपुरा इकाई के अध्यक्ष अशोक सक्सेना और धर्मवीर सिंह राजपूत ने बताया कि जिला प्रशासन से मिले निर्देशों के क्रम में कांवड़ियों की सुविधा के लिए आगामी 24 और 25 फरवरी को मोहनपुरा मटर मंडी में फली की खरीद फरोख्त बंद रहेगी। मटर व्यापारी रेवाशंकर ने किसानों से अपील की है कि सोमवार और मंगलवार को कोई भी किसान अपनी मटर को मंडी में बेचने न लाएं। 26 फरवरी को यथावत मटर मंडी खुली रहेगी।

## कासगंज में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पुलिस ने विशेष सुरक्षा व्यवस्था की



कासगंज में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पुलिस ने विशेष सुरक्षा व्यवस्था की है। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने एसपी कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया। उन्होंने कांवड़ मेले की ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को विशेष दिशा–निर्देश दिए।

सोरों के हरि की पौड़ी और लहरा घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। राजस्थान, मध्य प्रदेश और आगरा जोन से आने वाले कांवड़िये यहां से जल लेकर पैदल, डाक कांवड़ और डीजे कांवड़ के साथ अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए जिले के सभी प्रमुख घाटों पर व्यवस्था की गई है। इनमें कादरगंज, शाहबाजपुर घाट, लहरा घाट और हरि की पौड़ी सोरों शामिल हैं। कांवड़ मार्ग पर भी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।एएसपी ने पुलिस कर्मियों को श्रद्धालुओं के साथ सेवा भाव और संवेदनशीलता से पेश आने के निर्देश दिए हैं। श्रद्धालुओं की मदद के लिए तत्काल कार्रवाई करने को कहा है। सुरक्षा व्यवस्था को चाक–चौबंद करने के लिए पूरे जिले को 5 जोन और 24 सेक्टर में बांटा गया है।

## एटा जिले में कांवड़ यात्रा और महाशिवरात्रि को लेकर प्रशासन ने विशेष सुरक्षा व्यवस्था की




एटा जिले में कांवड़ यात्रा और महाशिवरात्रि को लेकर प्रशासन ने विशेष सुरक्षा व्यवस्था की है। कांवड़ियों की सुविधा के लिए जगह–जगह पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह ने बताया कि जिले में कुल 10 शिव मंदिर हैं। इनमें तीन प्रमुख मंदिर शामिल हैं।ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही हैबागवाला थाना क्षेत्र में परसोन स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर है, जहां महाभारत काल में भीम ने घंटा चढ़ाया था। अन्य दो प्रमुख मंदिर जलेसर का पटना पक्षी बिहार मंदिर और कोतवाली नगर स्थित कैलाश मंदिर है। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने कई कदम उठाए हैं। प्रत्येक थाना क्षेत्र में क्विक रेस्पांस टीम तैनात की गई है। ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। यातायात व्यवस्था के लिए रूट डायवर्जन किया गया है। जगह–जगह बैरिकेडिंग की गई है।कांवड़ियों की सहायता के लिए वूमेन हेल्पलाइन–1090 का नंबर प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। महिला कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए विशेष रूप से महिला पुलिसकर्मी तैनात की गई हैं। प्रशासन का पूरा ध्यान कांवड़ियों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा प्रदान करने पर है।

## एटा जिले के जलेसर थाना क्षेत्र में एक शिक्षक पर दबंगों द्वारा जानलेवा हमला किया गया

एटा जिले के जलेसर थाना क्षेत्र में एक शिक्षक पर दबंगों द्वारा जानलेवा हमला किया गया। महानमई गांव के मूल निवासी और वर्तमान में बालिका इंटर कॉलेज के पास रह रहे शिक्षक हरी बाबू शर्मा महर्षि परशुराम और खाटू श्याम मंदिर में पूजा करने के बाद घर लौट रहे थे।इसी दौरान महावीर गंज के सत्यम और शिवा (लोकेंद्र पाठक के पुत्र), विशेष उर्फ टोनी पाठक और 3–4 अज्ञात लोगों ने उन पर हमला कर दिया। आरोपियों ने लाठी–डंडे और लोहे की रॉड से शिक्षक को बुरी तरह पीटा।शिक्षक की चीख–पुकार सुनकर सरस्वती विद्या मंदिर के शिक्षक प्रवीण पचौरी मौके पर पहुंचे और उन्हें बचाया। पीड़ित शिक्षक ने कोतवाली में तीन नामजद और 3–4 अज्ञात लोगों के खिलाफ जान से मारने की नीयत से हमला करने की एफआईआर दर्ज कराई है।गंभीर रूप से घायल शिक्षक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला मुख्यालय भेजा गया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है

## कुकर में जेवर डाल दिए हैं, पानी गर्म करके लाओ..., पलक झपकते ही गायब हो गए ठग, तरीका जान पुलिस भी चकरा गई

एटा के थाना कोतवाली नगर में मिथिलेश कुमारी निवासी अवागढ़ हाउस ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि उसके साथ टप्पेबाजी करते हुए आरोपी सोने की तीन अंगूठी और चार चूड़ियां चोरी कर ले गए। कुकर में जेवर रख दिए हैं, पानी गर्म करके लाओ, यह कहने के बाद आरोपी जेवर लेकर फरार हो गए।मिथिलेश कुमारी ने बताया कि 21 फरवरी को दोपहर के समय दो लोग दरवाजे पर आए। कहा कि वह पुराने बर्तनों को साफ करते हैं। घर पर पड़े हुए पुराने पीतल और तांबे के बर्तन साफ करा लो। उसके बाद आरोपी बोले कि वह जेवर भी साफ कर देते हैं। चांदी की अंगूठी साफ कराई।उसके बाद सोने की तीन अंगूठी और चार चूड़ी साफ करने के लिए उनको दीं। इन आभूषणों को आरोपियों ने कुकर में डाल दिया और कहा जाओ इसमें पानी डालकर गर्म कर लो। कुकर लेकर किरायेदार गुंजन पानी गर्म करने जा रही थीं, तो देखा उसके अंदर कुछ नहीं है। लौटकर दरवाजे तक आए, तब तक आरोपी भाग गए। सीओ सिटी अमित कुमार राय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की गहनता के साथ छानबीन और आरोपियों की पहचान व तलाश की जा रही है।

**एटा के थाना जसरथपुर पुलिस को चलती पिकअप गाड़ी से अंगूर की पेटियां चोरी कर लीं**। पीड़ित ने अज्ञात टेंपो चालकों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया गया है। थाना कोतवाली इटावा के निवासी नूर हुसैन पुत्र मुशर्रफ ने थाना जसरथपुर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात टेंपो चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कराते हुए बताया कि इटावा से पिकअप गाड़ी में अंगूर भरकर अलीगंज आ रहे थे, तभी जसरथ. पुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नदराला के पास पहुंचे। वहां अज्ञात ऑटो सवारों ने चलते पिकअप पर चढ़कर अंगूर की पेटियां निकाल लीं

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक-अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मौ:-8218049162,8273402499